नवदुनिया
भोपाल, रविवार, 05 अक्टूबर, 2025

# विचारपुर 'मिनी ब्राजील' के फुटबाल खिलाड़ी पहुंचे जर्मनी

**प्रशिक्षण** ● एफसी इंगोलस्टेड 4 क्लब में प्रशिक्षक डाइटमार सिखा रहे हैं गुर

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर के पांच युवा फुटबाल खिलाड़ी प्रशिक्षक के साथ जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब एफ सी इंगोलस्टेड 4 क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए म्यूनिख पहुंच गए है। यह खिलाड़ी 12 अक्टूबर तक प्रशिक्षक बीयर्सडार्फ डाइटमार के मार्गदर्शन में फुटबाल के गुर सीखेंगे। जर्मनी पहुंचने पर मप्र टीम का सदस्यों का जोरदार स्वागत किया। शनिवार को खिलाड़ियों ने क्लब का भ्रमण किया, जहां उन्होंने क्लब के स्पोर्ट्स सेंटर, जिम सेशन, और अत्याधुनिक स्किल्स लैब एरीना देखा। बीयर्सडार्फ खिलाड़ियों को गेंद नियंत्रण, पासिंग, शूटिंग, डिफेंस वअटैक रणनीति जैसी आधुनिक फुटबाल तकनीकों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण में खिलाड़ियों की निर्णय क्षमता ध्यान दिया जा रहा है।

**उल्लेखनीय है कि भारत से जर्मनी तक की प्रेरणादायक यात्रा:** विचारपुर की पांच खिलाड़ी और उनकी प्रशिक्षक लक्ष्मी सहीस दो अक्टूबर को भोपाल से रवाना हुए।



प्रशिक्षक बीयर्सडार्फ डाइटमार के साथ मध्य प्रदेश के खिलाड़ी। ● सौजन्य: आयोजक

टीम ने पहले दिल्ली की यात्रा की और चार अक्टूबर को तड़के दिल्ली से म्यूनिख उड़ान भरी, जो सुबह 6:30 बजे पहुंची। प्रशिक्षण 12 अक्टूबर तक चलेगा, उसके बाद टीम 13 अक्टूबर को भारत लौटेगी और 14 अक्टूबर को दिल्ली, फिर भोपाल होते हुए शहडोल पहुंचेगी।

भारतीय एंबेसी के अधिकारी पूरे कार्यक्रम में टीम के साथ समन्वय में रहेंगे। यह यात्रा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबाल की शुरुआत का प्रतीक रही। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने टीम के खिलाड़ियों को किट प्रदान की और शुभकामनाएं दी थी, खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता व संयुक्त संचालक बीएस यादव ने टीम को बधाई दी थी।

पत्रिका
भोपाल, रविवार, 5 अक्टूबर, 2025

# 'मिनी ब्राजील' के खिलाड़ी पहुंचे जर्मनी



कोच सिखाएंगे फुटबॉल की बारीकियां...

शहडोल@पत्रिका. विचारपुर की मिनी ब्राजील फुटबॉल टीम के खिलाड़ी अब जर्मनी पहुंच चुकी हैं। खिलाड़ी और प्रशिक्षक एफसी इंग्लोस्टेड 4 क्लब में जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ के साथ संवाद करते हुए अपने अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण की शुरुआत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मिनी ब्राजील की पहचान पाने वाली यह टीम अब वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने को तैयार है। प्रशिक्षक लक्ष्मी साहसी(31 वर्ष) सहित खिलाड़ी सानिया कुशवाहा(14), सुजनी कोल खिलाड़ी(15), प्रीतम कुमार (14), वीरेंद्र बैगा(16), मनीष घसिया (16) जर्मनी पहुंचे हैं। खिलाड़ियों ने जर्मनी पहुंचने के बाद एएसपी अभिषेक दीवान से वीडियो कॉल पर चर्चा की। एएसपी ने ट्रेनिंग शेड्यूल की जानकारी ली।

स्वदेश ज्योति
www.swadeshjyoti.com

# विचारपुर 'मिनी ब्राज़ील' के खिलाड़ी पहुंचे जर्मनी



खेल संवाददाता, भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर की फुटबॉल टीम को 'मिनी ब्राज़ील' कहकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी। प्रधानमंत्री के उल्लेख के बाद, जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब इनगोल्सटेट04 ने खिलाड़ियों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर 2025 तक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया। और आज, ये युवा सितारे अपने सपनों की उड़ान भरते हुए जर्मनी पहुँचे हैं, जहां उन्हें विश्वस्तरीय ट्रेनिंग, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और नई रणनीतियों का प्रशिक्षण मिलेगा। खिलाड़ी 4 अक्टूबर की सुबह म्यूनिख पहुंचे, जहाँ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खिलाड़ियों ने कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ और ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में क्लब का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने क्लब के स्पोर्ट्स सेंटर, जिम सेशन और अत्याधुनिक स्किल्स लैब एरीना का अवलोकन किया। यहां खिलाड़ियों ने पहली बार जर्मन फुटबॉल प्रशिक्षण की आधुनिक तकनीकों को करीब से देखा और क्लब के पेशेवर माहौल में खुद को तैयार करने की शुरुआत की। कोच बीयर्सडॉर्फ खिलाड़ियों को गेंद नियंत्रण, पासिंग, शूटिंग, डिफेंस और अटैक रणनीति जैसी आधुनिक फुटबॉल तकनीकों का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

www.freepressjournal.in

**NEW CHAPTER | To undergo intensive training in modern football techniques**

# 5 football players from MP's Mini Brazil begin training in Germany

**Our Staff Reporter**
BHOPAL

Five young football players and a coach from Madhya Pradesh's 'Mini Brazil' began training in Germany on Saturday under the guidance of German coach Dietmar Beiersdorfer.

Coach Beiersdorfer trained the players in modern football techniques, including ball control, passing, shooting, defence and attack strategies. The training focuses specifically on players' decision-making, teamwork and tactical intelligence during matches.

The players reached Munich (Germany) on Saturday morning and received a warm welcome. They toured the FC Ingolstadt 04 club and observed the club's sports centre, gym sessions and state-of-the-art skills-lab arena. They witnessed the modern techniques of German football training up close for the first time and began preparing themselves for the club's



Players of MP's Mini Brazil begins training in Germany

professional environment.

The five players, including Suhani Kol, Veerendra Baiga, Saniya Kunde, Manish Ghasiya and Pritam Kumar and coach Laxmi Sahees from Vicharpur in Shahdol district have been selected by the state sports department to train under German football player and coach Dietmar Beiersdorfer from October 4 to 12.

During this period, they will undergo intensive training in modern football techniques, fitness, team strategy and tactical game planning.

They departed from Bhopal on October 2. The team first travelled to Delhi and boarded a flight to Munich on October 4. Training will continue until October 12, after which the team will return to India on October 13 and arrive in Shahdol via Delhi and Bhopal on October 14. Indian embassy officials will coordinate with the team throughout the programme.